प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/6113   दिनांक: 08 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर के समस्त (स्नातक / परास्नातक) पाठ्यक्रमों की द्वितीय चरण की परीक्षाओं के आंतरिक (Sessional) अंको को ई0आर0पी0 लॉगिन पर अपलोड तथा हार्ड कापी जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6095 दिनांक 01 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर की द्वितीय चरण के समस्त पाठ्यक्रमों (स्नातक / परास्नातक) के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0 / बी0फार्म के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की लिखित परीक्षायें दिनांक 29 जुलाई, 2022 से प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराई जा रही है, उक्त सेमेस्टर परीक्षा में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के आंतरिक (Sessional) अंको को दिनांक 31.07.2022 से दिनांक 05.08.2022 तक ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से अपलोड किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उपरोक्त के सन्दर्भ में कतिपय संस्थानों तथा छात्र / छात्राओं द्वारा किये गये अनुरोध को सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए उल्लेखित सेमेस्टर परीक्षा में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के **आंतरिक (Sessional) अंको को दिनांक 16 अगस्त, 2022 से दिनांक 20 अगस्त, 2022 तक ई0आर0पी0 पर अपलोड किये जाने हेतु** पुनः तिथि विस्तारित कर दी गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के आंतरिक (Sessional) अंको को निर्धारित तिथि पर ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से अपलोड करते हुए आंतरिक (Sessional) अंको की हस्ताक्षरित हार्ड कापी (Spiral Bind) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में **दिनांक 25.08.2022 तक** प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
Anurag Tripathi 08/08/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक